लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़

(प्रथम तल, सी खण्ड, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर)

(दूरभाष कमांक 0771.2331385 फैक्स कमांक 0771.2445215, ईमेल– बहण्कचपण्कपत/हउंपसण्बवउ)

क्रमांक/विद्या/परीक्षा/2025–26/112 नवा रायपुर, दिनांक 03/02/2026

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी

छत्तीसगढ़

विषयः– सत्र 2025–26 वार्षिक परीक्षा कक्षा– 1ली, 2रीं, 3रीं, 4थी, 6वीं, 7वीं, 9वीं, एवं 11 वीं के संबंध मे दिशानिर्देश।

–00–

सत्र 2025–26 वार्षिक परीक्षा कक्षा 1ली, 2रीं, 3रीं, 4थी, 6वीं, 7वीं, 9वीं, एवं 11 वीं के लिए निम्नानुसार दिशानिर्देश जारी किया जाता हैं। उपरोक्त निर्देश शासकीय विद्यालय, अनुदान प्राप्त विद्यालय, अशासकीय विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के लिए भी प्रभावी होगाः–

civilindia.in

समितियों का गठन एवं निर्देश :–

01 जिले में कक्षा 1ली, 2री, 3री, 4थी, 6वीं, 7वी, 9वीं, एवं 11 वीं की वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी पूर्ण रूपेण उत्तरदायी होंगे।

02 जिला स्तर पर जिला स्तरीय संचालन समिति, प्रश्न पत्र निर्माण समिति एवं मॉडरेशन समिति का गठन **05 फरवरी 2026** तक कर लिया जावें।

03 कक्षा 1ली, 2रीं, 3रीं, 4थी, 6वीं, 7वीं, 9वीं, एवं 11 वीं परीक्षा में राज्य के समस्त शासकीय विद्यालय, अनुदान प्राप्त विद्यालय एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध अशासकीय गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों (हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम) के विद्यार्थी अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे।

04 सी.बी.एस.ई., आई.सी.एस.ई. एवं भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय इसमें शामिल नहीं होंगे।

05 कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, एवं 12वीं के ब्लूप्रिंट अनुसार प्रश्न पत्र का निर्माण किया जावें।

06 परीक्षा की पूर्व तैयारी हेतु सेम्पल प्रश्न पत्रों का निर्माण कर छात्र–छात्राओं को अभ्यास कराया जावे।

07 दिनांक **28.02.2026** तक समस्त कक्षाओं के विषयों का पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया जावें तत्पश्चात रिवीजन कराया जावें।

08 प्रायोजना कार्य की वार्षिक परीक्षा **05.03.2026** तक पूर्ण कर लिया जावें।

परीक्षा तिथिः–

09 दिनांक **25.03.2026** से **10.04.2026** तक वार्षिक परीक्षा सम्पन्न कराया जावें, समयसारणी जिला शिक्षा अधिकारी स्तर से जारी किया जावें।

Scanned with OKEN Scanner